हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 26 जून 2024
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

4 सरपंच ने बेच दिए गौठान में लगे शेड, सबमर्सिबल पंप व सामान



# रिश्वतखोरी के मामले में एसडीएम के रीडर, भृत्य व सैनिक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ विभाग प्रमुखों की ओर से की गई कार्रवाई

जमीन संबंधित प्रकरण में 50 हजार की रिश्वत लेते पकडे गए एसडीएम बीआर खांडे, लिपिक, भृत्य व नगर सैनिक को जेल भेज दिया गया है। वहीं अब इस मामले में एसडीएम के रीडर, भृत्य व नगर सैनिक को विभाग प्रमुखों की ओर से निलंबित कर दिया गया है जबकि एसडीएम के खिलाफ जानकारी राज्य शासन को भेज दी गई है। इसके साथ ही रिश्वतखोरी के मामले में उदयपुर तहसील के एक लिपिक को भी निलंबित किया गया है। बता दें कि एंटी करप्शन ब्यूरो ने सरगुजा में बड़ी कार्रवाई करते हुए उदयपुर एसडीएम बीआर खांडे, लिपिक धरमपाल, भृत्य अबीर राम व अगर सैनिक कविनाथ को 50 हजार रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही जांच के दौरान एसीबी ने कार्यालय से कुछ दस्तावेज जब्त किए थे जिसके मुताबिक एसडीएम ने प्रार्थी कन्हाई राम एवं उनके परिवार के सदस्यों से 50 डिसमिल जमीन का पावर ऑफ अटार्नी अपने दो परिचित महिलाओं के नाम रजिस्टर्ड करा लिया था। इस मामले में एसीबी ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई के बाद एसडीएम उदयपुर के लिपिक धरमपाल दास को जिला शिक्षा अधिकारी अंबिकापुर ने निलंबित किया है। धरमपाल दास सहायक शिक्षक एलबी देवल्लापारा तोलगा में पदस्थ था जबकि एसडीएम ने उसे अटैच कर अपने कार्यालय का रीडर बना रखा था। इसके साथ ही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास द्वारा भृत्य अबीर राम को निलंबित किया गया है। अबीर राम भी आकस्मिक स्थापना भृत्य बालक आश्रम देव टिकरा में पदस्थ था लेकिन उसे भी उदयपुर संलग्न कर रखा गया था। एसीबी की कार्रवाई में अबीर राम को रिश्वत की रकम रीडर से लेकर नगर सैनिक को दिया था। वहीं जिला सेनानी ने एसडीएम के गार्ड सैनिक कविनाथ सिंह को निलंबित कर दिया है। कविनाथ सिंह ने रिश्वत की रकम 50 हजार रुपये अपने पास रखी थी। तीनों के निलंबन आदेश मंगलवार को जारी किए गए है। वहीं एसीबी द्वारा रिश्वत लेते पकड़े गए मुख्य आरोपी एसडीएम बीआर खांडे को कलेक्टर ने एसडीएम पद से हटा दिया था और अब उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जानकारी राज्य शासन को भेजी गई है। बड़ी बात यह है कि बीआर खांडे के शासकीय निवास से नगद रकम व जमीनों से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किए गए है।


एसडीएम, रीडर समेत चारों आरोपियों को रिश्वत के मामले में कोर्ट ने भेजा जेल

एसीबी को एसडीएम के घर से मिले 96 हजार 600 रुपए व जमीनों के दस्तावेज

## नकल के बदले मांगे 200, बाबू निलंबित

मंलगवार को रिश्वतखोरी के एक और मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर ने उदयपुर तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक नन्हारी राम, सहायक ग्रेड 3 को सस्पेंड कर दिया है। नन्हारी राम ने तहसील कार्यालय में कुमडेवा ग्राम के एक ग्रामीण से नकल निकालने के नाम पर 200 रुपए रिश्वत मांगी थी। ग्रामीण ने नन्हारी राम को 100 रुपए देना चाहा तो उसने कहा कि दो सौ तो वकील अपने मन से देकर जाते हैं। ग्रामीण द्वारा 200 रुपए देने पर नन्हारी राम ने नकल की प्रतिलिपि दी। शिकायत के बाद कलेक्टर विलास भोस्कर ने नन्हारी राम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए सीतापुर तहसील कार्यालय अटैच किया है।

### स्कूल जतन योजना के तहत नहीं हो सकी जर्जर भवनों की मरम्मत

# आज खुलेंगे स्कूल, जर्जर एवं संकरे वैकल्पिक भवनों में होगा नए सत्र की कक्षाओं का संचालन


नर्मदापुर स्थित जर्जर प्राथमिक शाला भवन।


छतविहीन सुखरी हायर सेकेण्डरी स्कूल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बातें**
- कहीं नींव खोदकर तो कहीं छत उखाड़कर छोड़ा निर्माण
- अधंड़ में उजड़ गए दर्जनों भवनों के शेड

दो महीने की गर्मी की छुट्टी के बाद बुधवार को स्कूलों के पट खुलेंगे तथा नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होगी। जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत नहीं होने के कारण बच्चों की कक्षाएं छत से टपकते पानी के बीच संचालित होंगी।

बुधवार से नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होने के साथ ही स्कूलों की कक्षाएं प्रारम्भ होगी। हर साल की तरह इस बार भी स्कूलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव मनाकर बच्चों का शाला प्रवेश कराया जाएगा। शासन ने इस बार जर्जर शाला भवनों में भारी परेशानी के बीच अध्ययन कर रहे बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से जर्जर शाला भवनों की मरम्मत एवं नव निर्माण कराने की योजना बनाई थी। स्कूल जतन योजना के तहत शासन ने इसकी स्वीकृति भी दे दी थी लेकिन तकनीकी अधिकारियों की लापरवाही से दर्जनों जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत पूरी नहीं हो सकी है। कुछ जर्जर भवनों की छत से बरसात में लगातार हो रहे पानी का रिसाव रोकने विभाग ने छत पर शेड का निर्माण करा दिया था। मानसून पूर्व आए अंधड़ में दो दर्जन से अधिक स्कूलों के शेड उखड़ गए हैं। ऐसे स्कूलों में बच्चों को फिर से छत से टपकते पानी एवं सीलन के बीच बैठकर पढ़ाई करनी होगी। सरगुजा में 40 से अधिक ऐसे स्कूल हैं जहां ठेकेदारों ने नया भवन बनाने के लिए पुराने जर्जर भवनों को पूरी तरह से ढहा दिया है। ऐसे स्कूलों के पास नए सत्र में कक्षाएं संचालित करने के लिए दूसरा भवन नहीं है। भवन बनाने की सारी कोशिशें निष्फल होने के बाद ऐसे स्कूलों के संचालन की व्यवस्था वैकल्पिक भवनों में की गई है। ऐसे दर्जनों स्कूल नए शिक्षा सत्र में आंगन बाड़ी केन्द्र एवं अतिरिक्त कक्ष में संचालित होंगे तथा एक ही कमरे में प्रायमरी के सभी पांच कक्षाओं एवं मिडिल के तीन कक्षाओं के विद्यार्थी एक साथ पढ़ेंगे।

### खपरैल में दर्जनों स्कूल

सरगुजा में अभी भी दर्जनों स्कूल खपरैल के जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं। ऐसे भवनों में बरसात के दौरान हर साल पानी टपकने की समस्या होती है। बच्चे व शिक्षक स्वयं ऐसे भवनों की खपरैल की मरम्मत करते हैं। गर्मी एवं ठंड के दिनों में तो ऐसी शालाओं की कक्षाएं पेड़ की छाया एवं खुले आसमान के नीचे संचालित होती हैं लेकिन बरसात के दौरान भारी समस्या होती है। विकासखण्ड मैनपाट अंतर्गत बैगहवा पारा का प्रायमरी स्कूल दशकों से टीन शेड में जबकि नर्मदापुर प्राथमिक शाला जर्जर खपरैल में संचालित हो रहा है। शासन द्वारा दोनों भवनों को गिराकर नवीन भवन बनाने की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन अभी तक जर्जर भवनों को ढहाया भी नहीं जा सका है। जिन भवनों को ढहाया गया है वहां सिर्फ नींव खोदकर छोड़ दिया गया है।

### बरामदे में चलेगी हायर सेकेण्डरी स्कूल

हायर सेकेण्डरी स्कूल सुखरी की छत को बनाने के लिए ठेकेदार ने मार्च महीने में ही उखाड़ दिया था। छत की ढलाई नहीं होने के कारण हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन विहीन हो गया है। प्राचार्य स्कूल भवन की छत ढलाई कराने के लिए जून महीने की शुरूआत से ही विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं लेकिन किसी ने भी इस बड़ी समस्या के निराकरण की पहल नहीं की। अब नए शिक्षा सत्र में 9वीं से 12वीं तक की विभिन्न संकाय की कक्षाएं संचालित करने की चुनौती है। कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल प्रबंधन ने भवन के बरामदे एवं लैब में किसी तरह शाला प्रवेश उत्सव मनाने एवं छत तैयार होने तक कक्षाएं संचालित करने का निर्णय लिया है। यहां भारी परेशानी के बीच कक्षाएं संचालित होंगी।

### की गई है वैकल्पिक व्यवस्था

जहां भवन की समस्या है वहां वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ऐसी शालाओं में कक्षाएं संचालित करने में परेशानी भी होगी। दर्जनों भवनों के शेड उखड़ गए हैं जिनकी मरम्मत अभी तक नहीं हुई है। स्थिति से कलेक्टर को पुनः अवगत कराऊंगा।

-**एके सिन्हा**, जिला शिक्षा अधिकारी

# सूने मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, डेढ़ लाख का सोना बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर





■ अनूपपुर जिले से आकर दिया चोरी की घटना को अंजाम, पूर्व में पकड़ा जा चुका है आरोपी

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि गिरोह का एक सदस्य पूर्ण में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने आरोपियों से लगभग डेढ़ लाख रुपए का सोना बरामद किया है जिसे आरोपियों ने गला दिया था। आज इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि थाना अंतर्गत महुआपारा निवासी अमित कुमार सिन्हा आ. त्रिभुवन सिन्हा अपनी मां के उपचार हेतु परिवार के साथ दिल्ली गए हुए थे इस दौरान 21 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर व नगदी समेत साढ़े लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह व एएसपी शैलेन्द्र कुमार पांडेय के निर्देश पर एसडीओपी इमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम घटना की जांच कर रही थी।

जांच के दौरान पुलिस ने मध्यप्रदेश के अनूपपुर कोतमा निवासी 38 वर्षीय साकिर आ. नासिर को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपने साथी सैफ के साथ मिलकत घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की थी जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने अनूपपुर जिले के कोतमा फिल्टर टोला निवासी 28 वर्षीय सैफ अली आ. स्व. हुसैन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने घटना दिवस को माजरी जेन कार से आकर रेकी करने और सूने मकान में चोरी करने की बात स्वीकार की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घर से सिर्फ सोना मिलने की बात ही कबूल की है लेकिन उन्होंने चोरी में मिले सोने को गला कर छिपा दिया था। पुलिस ने आरोप सैफ अली से 22 .600 ग्राम सोना बरामद किया है जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी आदतन चोर है और इसके पूर्व भी अन्य राज्य व जिलों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना दिवस की रात उन्होंने राजपुर के अलावा अंबिकापुर के गांधीनगर में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी को धारा 457, 380 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, उप निरीक्षक दिनेश राजवाडे, प्रधान आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक रिंकु गुप्ता, अमृत सिंह, नन्हेश्वर, नरेन्द्र कश्यप, सायबर सेल से मंगल सिंह, सुखलाल सिंह, राजकमल सैनी, राजकिशोर, हरी डनसेना पैकरा सक्रिय रहे।

# युवक के पास से पौने दो किलो गांजा बरामद



**बिश्रामपुर।** ईंट बनाने का कार्य संपन्न होने उपरांत वर्तमान में अवैध गांजा तस्करी कार्य में लिप्त एक ग्रामीण युवक को जयनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया गया है। गौरतलब है कि दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोईलार निवासी 35 वर्षीय ओम प्रकाश पिता धन साय हरिजन को मंगलवार की सुबह प्रेमनगर निवासी एक व्यक्ति के पास से गाँजा खपाने का ऑर्डर मिला,इसके अनुसार आरोपी पिट्ठू बैग में अपनी एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 यू डीएफ 9377 से ग्राम पंचायत राजापुर निवासी एक व्यक्ति के पास एक किलो 725 ग्राम अवैध गांजा को बेचने आया था। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर जयनगर पुलिस ने ग्राम पंचायत राजापुर पहुंचकर घेराबंदी करते हुए आरोपी युवक को पकड़ लिया है। पुछताछ में किसी तरह का कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर पुलिस ने आरोपी को अवैध गांजा व बाइक सहित गिरफ़्तार करते हुए उसके खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की तथा उसे सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। जब्त हुए गांजा की बाज़ारू कीमत 18 हजार रुपए आंकी जा रही है। उक्त कार्यवाही में जयनगर थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह, एसआई सरफराज फिरदौसी, एएसआई वरूण तिवारी, रघुवंश सिंह, सोहन सिंह, प्रधान आरक्षक राजेन्द्र एक्का, आरक्षक नीरज झा, भुनेश्वर, नगर सैनिक नोहर सिंह, अकबर, मुजाहिद, जहांगीर सक्रिय रहे।

# देर से घर आने पर डांटा तो युवक ने बड़े भाई को उतारा मौत के घाट



■ तलवार से वार कर की हत्या, आरोपी युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** छोटे भाई को लेट से घर आने पर डांटना महंगा पड़ गया। डांट व मार से आक्रोशित युवक ने अपने ही बड़े भाई की तलवार से हमला कर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त तलवार को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम सलका बाजार पारा निवासी चमरू बिंझिया अपनी पत्नी पार्वती बिंझिया व छोटे भाई बलराम बिंझिया के साथ रहता था। बलराम बिंझिया अक्सर अनावश्यक घूमने और देर से घर आने को लेकर डांट फटकार लगता था। 24 जून को भी चमरू बिंझिया अपने छोटे भाई बलराम बिंझिया को लेट लतीफी करने और देर से घर आने को लेकर डांट रहा था। इस दौरान गुस्से में उसने अपने छोटे भाई को 2-4 थप्पड़ भी जड़ दिए जिसके बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ने पर छोटे भाई बलराम बिंझिया ने घर में रखे तलवार से अपने भी बड़े भाई पर हमला कर दिया। तलवार के वार से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि आरोपी बलराम बिंझिया भाग निकला। इस दौरान परिजन द्वारा चमरू बिंझिया को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना की शिकायत मृतक की पत्नी पार्वती बिंझिया ने पुलिस से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की गई। पुलिस परिजन का बयान दर्ज करने के साथ ही आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी 28 वर्षीय बलराम बिंझिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने आए दिन बड़े भाई द्वारा की जाने वाले डांट डपट से थप्पड़ मारने से नाराज होकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त तलवार को जब्त करने के साथ ही आरोपी को धारा 302, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयपुर कुमारी चंद्राकर, सउनि दिलिप दुबे, प्रधान आरक्षक राजनाथ तिर्की, महिला आरक्षक सुनीति राजवाड़े, आरक्षक विवेक सिंह, देववंदर सिंह, विजय पैकरा शामिल रहे।

### महापौर ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# बास्केटबॉल लीग में रियल एंजल्स और ग्रीन फाइटर्स को प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर





सरगुजा बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित बास्केटबॉल लीग में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि सरगुजा बास्केटबॉल संघ द्वारा बास्केटबॉल लीग का आयोजन स्थानीय गांधी स्टेडियम में किया गया था। 22 से 24 जून तक आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गो में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को खेला गया।

मैच में सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बास्केटबॉल लीग के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में शहर के महापौर डॉ. अजय तिर्की शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के साथ ही इसी तरह खेल अभ्यास करने और पढ़ाई के साथ साथ खेल में जिले का नाम रौशन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज जब ज्यादातर बच्चे घर पर मोबाइल फोन और टीवी में अपना समय व्यतीत कर रहे है ऐसे में ये बच्चे ग्राउंड में मेहनत कर अपना पसीना बहा रहे है और बेहतर प्रशिक्षण हासिल कर रहे है। इसके साथ ही उन्होंने संघ को खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु प्रदान किए गए सिंथेटिक बास्केटबॉल कोट के लिए बधाई दी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय सरगुजा बास्केटबॉल लीग में बच्चों में काफी उत्साह था। सभी टीम ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिया। जल्द ही संघ इससे बड़े प्रतियोगिता को कराने की तैयारी कर रहा है। इस प्रतियोगिता में सभी अभिभावकों का भी विशेष योगदान रहा है। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग अंडर -14 में प्रथम स्थान रियल एंजेल्स, द्वितीय स्थान राइजिंग एंजेल्स व तृतीय स्थान शाइनिंग एंजेल्स ने हासिल किया। इसी तरह अंडर -17 में प्रथम स्थान ग्रीन फाइटर्स, द्वितीय स्थान सरगुजा रॉयल्स व तृतीय स्थान सरगुजा ब्लू फाइटर्स ने हासिल किया। बालक वर्ग अंडर-14 में प्रथम स्थान सरगुजा स्टार्स, द्वितीय स्थान सरगुजा डेविल्स, तृतीय स्थान सरगुजा हूपर्स, बालक वर्ग अंडर -17 में प्राथन स्थान अर्जुना स्टार्स, द्वितीय सरगुजा शूटर्स, तृतीय स्थान सरगुजा रॉयल्स ने हासिल किया। मैच के दौरान निर्णायक मंडल में रजत सिंह, कृष्ण कुमार ताम्रकार, प्रियंका पैंकरा, प्रिया जायसवाल, खुशबू गुप्ता, प्रज्ञा मिश्रा, रागिनी, साक्षी, सुलेखा, रिमझिम, विक्की, अभिषेक शामिल रहे। वहीं कार्यक्रम के समापन में हरेन्द्र सिंह, राजेश सिंह काकू सहित अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आज

**बलरामपुर।** नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण तथा समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित करने के लिए 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया जाएगा। नशापान करने की प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता सृजन करने की अनिवार्यता के दृष्टिगत इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिले को नशामुक्त बनाने एवं इसके प्रति व्यापक रूप से जन जागरूकता लाने कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने संबंधित विभागों को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार कर नशापान के विरुद्ध जन जागरूकता लाने निर्देश दिए। नशा निवारण दिवस जनसामान्य की सहभागिता से रैली का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में नशामुक्ति पर केनद्रित चित्रकला, भाषण, गीत, नृत्य, नाटक, स्लोगन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन के साथ ग्राम पंचायत से जिला स्तर तक विभिन्न माध्यमों से नशापान के दुष्परिणामों का प्रचार-प्रसार, निवारक शिक्षा आदि कार्यक्रमों का आयोजन एवं नशा मुक्ति पर केन्द्रित सेमिनार, गोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि का आयोजन सहित नशा तथा एड्स प्रभावी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## चोर घर के सामने खड़े ट्रैक्टर ले उड़े, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम महोरा पड़लीपारा निवासी हीरा साय पैकरा आ. इंदर साय पैकरा (31 वर्ष) रविवार को ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 14 एमटी 0482 से खेत में जोताई कर शाम को घर के सामने नागर सहित ट्रैक्टर को खड़ा किया था। रात लगभग 1-2 बजे ट्रैक्टर की आवाज आने पर इंदर साय बाहर निकला तो देखा ट्रैक्टर अपनी जगह से गायब थी। ट्रैक्टर चोरी हो जाने पर परिवार के लोग बरगीडीह तक खोजबीन की परंतु ट्रैक्टर का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

KILLER
SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE
OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT DMLT D.Pharma BPT
OT Technician X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

आसरा महाविद्यालय
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO Botany, Zoology, Chemistry
B.A History, Sociology, Political Science
B.C.A All Compulsory Subjects
D.C.A All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A All Compulsory Subjects
CAMPUS:- Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra,Dist - Surguja (C.G)
7987588781, 9201487773

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
·BCA ·MCA
·BBA ·MBA
·B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
tcs
wipro
90161 13333



# मुंबई में पौधारोपण कराने निकले अक्षय कुमार

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच सोमवार 24 जून को मुंबई में पौधारोपण का काम कराने निकले। अभिनेता ने बीएमसी और एक एनजीओ के साथ मिलकर यह काम किया। अक्षय कुमार यूं तो इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों की तैयारियों में जुटे हुए हैं। मगर, अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर वे मुंबई में पौधारोपण करने निकले। खिलाड़ी ने बृहन्मुंबई नगर आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगरानी के साथ मिलकर मुंबई में पौधारोपण किया। बृहन्मुंबई नगर वृक्ष प्राधिकरण और मेक अर्थ ग्रीन अगेन फाउंडेशन के सहयोग से खेरवाड़ी (बांद्रा) में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे के किनारे 200 बहावा पेड़ लगाए जाएंगे।

## लाइफ Style

# त्रिधा

## बैकलेस ड्रेस पहन मीका संग हुईं रोमांटिक

पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ 'आश्रम' की 'बबीता भाभी' यानी एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिसपर यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन देते नजर आए। वेब सीरीज 'आश्रम' में 'बबीता'का किरदार निभाने वाली खूबसूरत एक्ट्रेस त्रिधा चौधरी अपने लुक्स से लोगों को दीवाना बनाए रखती हैं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ बेहद हसीन तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। जिसमें वो पॉपुलर सिंगर मीका सिंह के साथ रोमांटिक होती नजर आई। मीका सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर त्रिधा चौधरी के साथ कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं।जिसमें दोनों एक-दूसरे की बाहों में पोज देते हुए दिखाई दिए। इन तस्वीरों में त्रिधा चौधरी रेड कलर की हॉट बैकलेस ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। उन्होंने बोल्ड मेकअप के साथ बालों को खुला छोड़ा है। वहीं, मीका ब्लैक कलर के कोट-पैंट में काफी डेशिंग लग रहे हैं। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। मीका सिंह और त्रिधा चौधरी की इन किलर तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। हर कोई इनकी केमिस्ट्री की तारीफ करता हुआ नजर आया। हालांकि कुछ लोग त्रिधा की टांग खिंचाई भी करते दिखे। एक यूजर्स ने इन तस्वीरों पर कमेंट करते हुए लिखा, 'निराला बाबा को बताऊंगा..'। वहीं दूसरे ने लिखा, 'ये क्या हो रहा है।'



## हॉलीवुड मसाला



# बारटेंडर ने किया बड़ा खुलासा

लॉस एंजिलिस। 'फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स' स्टार जस्टिन टिम्बरलेक इन दिनों अपने टूर पर हैं। सूत्रों की मानें तो वे अपनी गिरफ्तारी से पहले सैग हार्बर के अमेरिकन होटल में दोस्तों के साथ शाम बिताई थी। जब पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया तब वे नशे की हालत में पाए गए थे, लेकिन गायक ने पुलिस को बार-बार यही कहा था कि उन्होंने सिर्फ एक मार्टिनी पीया है। जस्टिन टिम्बरलेक की गिरफ्तारी के मामले में अब एक नया मोड़ आया है।



# टेलर के कॉन्सर्ट में 'शेक इट ऑफ' पर किया डांस

**नई दिल्ली।** टेलर स्विफ्ट हॉलीवुड की जानी-मानी सिंगर हैं। उनके गाने फैंस को काफी पसंद आते हैं। शुक्रवार को इंग्लैंड के लंदन के वेम्बली स्टेडियम में सिंगर का एरास टूर था, जिसमें टॉम क्रूज, मिला कुनिस, एश्टन कुचर और प्रिंस विलियम समेत कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं। इस दौरान वहां से प्रिंस का एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक शख्स ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कॉन्सर्ट के दौरान स्टेडियम में भीड़ नजर आ रही है। वहीं, स्टैंड में खड़े होकर प्रिंस विलियम टेलर के परफॉर्मेंस को एन्जॉय कर रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, वह वीडियो में डांस करते हुए और गाने को गाते हुए भी नजर आ रहे हैं।



# ओटीटी पर डेब्यू करने वाली हैं जैकलीन

**मुंबई।** जैकलीन फर्नांडीज हिंदी सिनेमा की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, लेकिन वह अभी तक एक सशक्त अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान स्थापित नहीं कर सकी हैं। अभिनेत्री इन दिनों अपनी डेब्यू ओटीटी सीरीज को लेकर व्यस्त चल रही हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह बतौर अभिनेत्री इस सीरीज से दर्शकों के बीच अपनी एक पुख्ता पहचान बना पाएंगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक,अभिनेत्री की इस डेब्यू वेब सीरीज को जियो सिनेमा ने आर्थिक रूप से समर्थन दिया है, जिसका शीर्षक 'गोट' रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस म्यूजिकल ड्रामा की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। जैकलीन की इस डेब्यू सीरीज का पूरा नाम 'ग्रेटेस्ट् ऑफ ऑल टाइम्स' है। इसमें मुख्य अभिनेता के तौर पर नील नितिन मुकेश भी नजर आने वाले हैं।



# उखड़े-उखड़े से लगे सलमान ...

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल अब एक -दूसरे के हो गए हैं। कपल अपनी शादी को लेकर इन दिनों खबरों में बना हुआ है। 23 जून का कोर्ट मैरिज करने के बाद कपल ने उसी शाम को बॉलीवुड सितारों के लिए पार्टी रखी। जहां अनिल कपूर, रेखा, काजोल से लेकर अन्य सितारों ने शिरकत की। पार्टी में सोनाक्षी के करीब स्टार सलमान खान और पक्की सहेली हुमा कुरैशी भी शामिल हुईं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल शादी की पार्टी के दौरान सलमान खान ब्लैक आउटफिट में शामिल हुए थे। कड़ी सुरक्षा के बीच आधी रात को पार्टी में शानदार एंट्री की। हालांकि, इस दौरान सलमान ने फोटो क्लिक करवाने और पोज देने से परहेज किया। रिपोर्ट्स की मानें तो वे बस थोड़ी देर के लिए आए और सीधे अपनी गाड़ी में जाकर बैठ गए।

## टीवी मसाला



# श्रुति और अनुज को दूर कर रही है अनुपमा?

**नई दिल्ली।** आने वाले एपिसोड में अनुपमा को पता चल ही जाएगा कि उसकी स्पाइस एंड चटनी में कॉकरोच कौन डाला था। श्रुति ने इस विवाद में क्या भूमिका निभाई थी। अनुपमा के साथ ही साथ इस बारे में अनुज को भी पता चल जाता है। वहीं, श्रुति इस सच को स्वीकार करते-करते एक ऐसे सच का भी खुलासा करेगी, जिसे सुनकर अनुपमा के पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। अनुपमा को कॉकरोच की घटना में श्रुति की भूमिका के बारे में पता चलता है। इस घटना ने उसका करियर बर्बाद कर दिया था। अनुपमा श्रुति की मिसेज स्मिथ से बातचीत सुन लेगी। यह जानने पर, वह श्रुति से भिड़ेगी और उससे इस गंदे काम के पीछे का कारण पूछेगी। वह यह भी बताएगी कि ऐसा करके श्रुति ने उसके करियर, उसके आत्मविश्वास और बहुत कुछ को निशाना बनाया है। अनुपमा की सारी बातें सुनकर श्रुति को गुस्सा आएगा। वह उसे जवाब देने के लिए ऐसे -ऐसे खुलासे करेगी जिसे सुनकर अनुपमा एक बार फिर से बिखर जाएगी।

## 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत के साथ ही मचा बवाल, लवकेश से भिड़े रणवीर

**नई दिल्ली।** मशहूर रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' की धमाकेदार शुरुआत हो चुकी है। बीते दिन इसके ग्रैंड प्रीमियर पर शो के नए होस्ट अनिल कपूर ने 16 प्रतिभागियों का स्वागत किया। वहीं, तीसरे सीजन के पहले दिन ही बीबी हाउस में दो बड़ी लड़ाई देखने को मिली। लाइव फीड से एक वीडियो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रहा है, जिसमें रणवीर शौरी और लवकेश कटारिया के बीच जबरदस्त जुबानी जंग देखने को मिल रही है। वीडियो में देखा जा रहा है कि लवकेश कटारिया के जरिए सोफे पर पैर रखे जाने से रणवीर शौरी अपना आपा खो बैठते हैं। लाइव फीड के मुताबिक, रणवीर और अन्य लोगों को लिविंग एरिया में सामान्य बातचीत करते देखा गया।



# शत्रुघ्न को भी मुस्लिम एक्ट्रेस से हुआ था प्यार

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा मुस्लिम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल संग शादी कर ट्रोल हो रही हैं। हालांकि एक्ट्रेस के पिता शत्रुघ्न सिन्हा भी कभी मुस्लिम लड़की से इश्क कर बैठे थे। लेकिन फिर इस वजह से पूनम को बनाया था जीवनसाथी। बेटी की शादी में पापा शत्रुघ्न भी बेहद खुश नजर आए। हालांकि कुछ दिन पहले दिग्गज अभिनेता ने ये कहा था कि आजकल के बच्चे शादी के लिए परमिशन नहीं लेते हैं। जिसके बाद लोगों को लगने लगा था कि शत्रुघ्न अपनी बेटी सोनाक्षी के मुस्लिम लड़के से शादी के फैसले से खुश नहीं हैं।



वैसे शत्रुघ्न सिन्हा भी एक मुस्लिम एक्ट्रेस से इश्क कर बैठे थे। शत्रुघ्न सिन्हा भी अपनी जवानी के दिनों में एक मुस्लिम एक्ट्रेस से दिल लगा बैठे थे। इस एक्ट्रेस का रियल नाम सायरा है। सायरा के पिता मुस्लिम थे और मां हिंदू थीं। सायरा के मां-बाप का तलाक हो गया था। इसके बाद सायरा की मां ने अपने बच्चों का नाम हिंदू कर दिया और सयारा का नाम रूपा हो गया। रूपा जब फिल्मों में आईं तो मेकर ने उनका नाम बदलकर रीना रॉय कर दिया। 70 के दशक में रीना रॉय और शत्रुघ्न सिन्हा का करियर एक साथ ही चमका था।

# फिल्मों में आने से पहले नेशनल लेवल की खिलाड़ी थीं अभिनेत्री किरण खेर

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और राजनेता रहीं किरण खेर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा की कई यादगार फिल्मों में काम कर अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ अपने तेज तर्रार अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। सिख परिवार में जन्मी एक्ट्रेस का 14 जून को 72वां जन्मदिवस है। आज भी उनके फैंस उन्हें फिल्मों में देखना का इंतजार करते हैं। हालांकि, अब उन्होंने इंडस्ट्री से दूरी बना ली है।

***पंजाबी फिल्म से की करियर की शुरुआत :*** 14 जून, 1952 को चंडीगढ़ के जाट सिख परिवार में किरण संधू के नाम से जन्मी किरण खेर ने पंजाबी फिल्म 'आसरा प्यार दा' से 1983 में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। हालांकि, पहले वह सुनील दत्त की एक फिल्म में काम करने वाली थीं, लेकिन बाद में उसे आर्थिक दिक्कतों की वजह से बंद कर दिया गया था। ऐसे में काफी समय तक एक्ट्रेस मुंबई में काम के लिए संघर्ष करती रहीं और फिर उनके हाथ यह पंजाबी मूवी लगी।



इस फिल्म के बाद किरण ने सिनेमा से लम्बा ब्रेक किया और 1996 में पेस्टनजी के साथ वापसी की। इस मूवी में उन्होंने छोटे से किरदार में अनुपम खेर के साथ काम किया और इसके बाद कुछ टीवी शो को होस्ट भी किया। सही मायनों में उनकी वापसी श्याम बेनेगल की फिल्म सरदारी बेगम से हुई थी।

### दीपिका के पिता के साथ खेला बैडमिंटन

फिल्मी करियर शुरू होने से पहले किरण खेर एक्टिंग के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी काफी एक्टिव रही हैं। उन्होंने फर्स्टपोस्ट को दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि मेरी बहन और मैंने प्रकाश पादुकोण (दीपिका पादुकोण के पिता और दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी) और उनके साथियों के साथ देश के लिए बैडमिंटन खेला है। मैं स्कूल और कॉलेज के दौरान एक ऑल राउंडर थी।

### अनुपम खेर से की दूसरी शादी

किरण खेर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रही हैं। उन्होंने पहली शादी गौतम बेरी से की थी, लेकिन वो शादी कुछ सालों तक ही चल पाई और दोनों का तलाक हो गया। पहली शादी से किरण के बेटे सिकंदर का जन्म हुआ। इसके बाद एक्ट्रेस ने अनुपम खेर से शादी की। अनुपम भी उस वक्त संघर्षरत अभिनेता था। दोनों चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के दिनों से एक-दूसरे को जानते थे। दोनों ने चांदपुरी की चम्बाबाई नाटक में भी काम किया था।

# परदे पर असली डॉन का किरदार निभा चुके हैं ये कलाकार

*नई दिल्ली। फिल्मी परदे पर अक्सर कई कलाकारों को असल जिंदगी के किरदारों को निभाते हुए देखा जाता है। दर्शकों का मजा तब दोगुना हो जाता है, जब कोई असली डॉन के किरदार में दिखाई देता है। हिंदी सिनेमा में अपराध जगत की दुनिया के कई डॉन पर फिल्में बनाई जा चुकी हैं, जिनमें कई दिग्गज सितारों ने काम किया था। इमरान हाशमी, इम्तियाज अली, अर्जुन रामपाल और जॉन अब्राहम को भी परदे पर डॉन का किरदार करने का मौका मिल चुका है।*



### इमरान हाशमी

इमरान हाशमी ने 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का किरदार निभाया था। इस फिल्म का निर्देशन मिलन लुथरिया ने किया था। फिल्म 2010 में रिलीज हुई थी। इसी फिल्म में अजय देवगन ने हाजी मस्तान का रोल अदा किया था। फिल्म में प्राची देसाई और कंगना ने भी काम किया था।



### इम्तियाज अली

जब वी मेट, सोचा ना था, जब हैरी मेट सेजल, रॉकस्टार और तमाशा समेत कई फिल्मों का निर्देशन करने वाले इम्तियाज अली भी फिल्मी परदे पर डॉन की भूमिका निभा चुके हैं। बहुत कम लोग जानते होंगे कि उन्होंने अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित फिल्म 'ब्लैक फ्राइडे' में याकूब मेमन का किरदार निभाया था। यह फिल्म साल 1993 में हुए मुंबई बम धमाकों पर आधारित है।



### अर्जुन रामपाल

साल 2017 में एक फिल्म आई थी, जिसका नाम था- 'डैडी'। इस फिल्म में अर्जुन रामपाल अरुण गवली के किरदार में नजर आए थे, जो गैंगस्टर से नेता बनता है। यह एक क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसका निर्देशन असीम अहलूवालिया ने किया था। फिल्म में ऐश्वर्या राजेश, निशिकांत कामत, अनुप्रिया गोएनका, फरहान अख्तर और श्रीकांत यादव ने भी अभिनय किया था।



### जॉन अब्राहम

जॉन अब्राहम एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 'शूटआउट एट वडाला' फिल्म में डॉन मान्या सुर्वे का रोल अदा किया था। यह फिल्म मान्या सुर्वे के मुंबई पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन संजय गुप्ता ने किया था। इसे साल 2013 में रिलीज किया था। फिल्म में मनोज बाजपेयी, तुषार कपूर, सोनू सूद, रोनित रॉय, महेश मांजरेकर, जैकी श्रॉफ और कंगना ने भी अभिनय किया था।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : जिपं सीईओ

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायतों में पदस्थ पंचायत सचिव लक्ष्मी प्रसाद कनेडिया ग्राम पंचायत सलका, छत्तरसाय राजवाड़े ग्राम पंचायत धरतीपारा, हीराचन्द पैकरा ग्राम पंचायत कोटेया, नंदलाल राजवाड़े ग्राम पंचायत करकोली नया एवं सुखलाल राजवाड़े ग्राम पंचायत बरौंधी द्वारा कार्य में लापरवाही बरतने एवं कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर पंचायत सचिवों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के नियम 5 के तहत लघु शास्ति अधिरोपित करते हुए आगामी माह का वेतन वृद्धि रोके जाने हेतु आदेशित किया गया है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायतों में पदस्थ पंचायत सचिवों द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरती जा रही है। जिस कारण ग्राम पंचायतों के लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत सलका में ट्यूबवेल खनन कार्य में लापरवाही एवं अनियमितता बरतने तथा ग्राम पंचायत धरतीपारा, कोटेया, करकोली नया एवं बरौंधी में शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण अंतर्गत सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य एवं एसआरएलएम शेड निर्माण कार्य में लापरवाही बरती गई। साथ ही जिला,जनपद स्तर से जारी कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं करने के फलस्वरूप जिपं सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू ने संबंधित पंचायत सचिवों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आगामी माह का वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दिया है।

### छोटेलाल बने शौंडिक समाज के जिलाध्यक्ष



**बलरामपुर।** शौंडिक समाज की जिला स्तरीय बैठक सोमवार को आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता के आतिथ्य में आयोजित बैठक के दौरान समाज हितों में काम करने पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष श्री गुप्ता व प्रदेश कार्यकारणी के संरक्षक रमाकांत गुप्ता, जिलाध्यक्ष सरगुजा विजेंद्र गुप्ता की मौजूदगी में आयोजित बैठक के दौरान सभी ने सभी से अपने स्वयं के विकास के साथ ही साथ समाज के विकास पर भी काम करने पर जोर देने की बात कही। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष नन्हे लाल गुप्ता का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने नवीन कार्यकारणी के गठन का प्रस्ताव रखा। बैठक में छोटेलाल गुप्ता व संजीव गुप्ता के नाम का प्रस्ताव आया लेकिन संजीव गुप्ता ने भी छोटेलाल गुप्ता के नाम पर सहमति जाहिर की जिसके बाद छोटेलाल गुप्ता को शौंडिक समाज बलरामपुर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता व अन्य पदाधिकारियों ने समाज के दहेजवार में निर्माणाधीन का निरीक्षण किया गया। समाज के भवन का निर्माण दो वर्ष के अंदर पूर्ण करने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष ने दिया। इसके साथ ही प्रदेश अध्यक्ष द्वारा एक लाख रुपए तथा सरगुजा जिला अध्यक्ष द्वारा दो कक्ष, मयंक ट्रेडर्स बलरामपुर द्वारा भी दो कक्ष बनवाने के लिए राशि प्रदान किया गया। सरगुजा जिला अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने सामाजिक सर्वेक्षण हेतु 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई।

### शिक्षक पद पर पदोन्नति उपरान्त पदांकन काउंसलिंग स्थगित

**अंबिकापुर।** शिक्षा सरगुजा संभाग के संयुक्त संचालक ने बताया कि 27 जून को आयोजित सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान करते हुए पदस्थापना हेतु आयोजित काउंसलिंग अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। काउंसलिंग हेतु अगली तिथि का निर्धारण कर सूचना पृथक से दी जाएगी।

## एक कमरे में हो रहा कक्षाओं का संचालन

# रामानुजनगर के आधा दर्जन स्कूल भवन जर्जर



जर्जर मनवारपारा साल्ही स्कूल।



प्रशा बड़गैयापारा की जर्जर स्कूल भवन, इनसेट में छत के उखड़े प्लास्ट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

**खास बात**

- मरम्मत के अभाव में गिर रहे छत प्लास्टर, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

बच्चों के उज्जवल भविष्य हो और बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके इसके मद्देनजर शासन प्रशासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही है। बच्चों में पढाई के प्रति रूचि बढ़े इसके लिए बस्ता, कापी-किताब के अलावा अन्य संसाधन उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुविधा के लिए पर्याप्त व्यवस्था है परंतु बच्चे जिस भवन में पढाई करते है उस भवन की हालत काफी दयनीय हो गई है। आज से नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने वाला है लेकिन कहीं विद्यालय की दीवार में दरार तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा हुआ है। ऐसे में जर्जर भवन में स्कूल संचालन होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

विकासखंड रामानुजनगर क्षेत्र में नया शिक्षा सत्र वर्ष 2024-25 का 26 जून से होने वाला है। लेकिन आज भी विकासखंड के कई विद्यालय ऐसे है जो मरम्मत के अभाव में काफी जर्जर हालत में हैं। वहीं दीवार में दरारें पड़ गई है तो कहीं छत का प्लास्टर उखड़ा है ऐसे में छत से पानी टपकता है और दीवारों से पानी सिपेज करता है। स्कूल भवन की मरम्मत लंबे समय से नहीं होने से भवन कमजोर हो गई है जो गिरने की स्थिति है। जर्जर स्कूल भवन कई वर्षों से जीर्णोद्धार के लिए तरस रही है प्रशासनिक उदासीनता रवैया के कारण स्कूल भवन की हालत ऐसी हो गई जिसका खामियाजा विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। विकासखंड में कई स्कूल भवन के काफी जर्जर हो जाने के कारण स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे भवन में किया जा रहा है। इसके अलावा कहीं पर विद्यालय दो पाली में संचालित है तो है कहीं स्कूल ही दूर है। दो पाली में स्कूल संचालन होने से समय की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती होती जबकि विद्यालय दूर होने के कारण छोटे बच्चों को पैदल ही चल कर लंबी दूरी तय करना पड़ता है। विखं रामानुजनगर में जहां कई ऐसे विद्यालय हैं जो जर्जर की स्थिति में है जिस कारण कई वर्षों से जर्जर स्कूल का संचालन बंद कर दूसरे स्कूल भवन में किया जा रहा है। स्कूल आने जाने को लेकर अभिभावक सहित बच्चे परेशान हैं।

### विकासखंड के यह विद्यालय भवन हुए जर्जर

विकासखंड के कई स्कूल भवन काफी जर्जर है ऐसे में स्कूल का संचालन शासकीय भवन या अतिरिक्त कक्ष में संचालित की जा रही है। जिसमें प्राथमिक शाला भुवनेश्वरपुर, माध्यमिक शाला रामपुर का प्राथमिक शाला अतिरिक्त कक्ष में संचालित है। प्राथमिक शाला बड़गैयापारा स्थित प्राथमिक शाला पटना में संचालित है। प्राथमिक शाला बड़गैयापारा स्कूल भवन जर्जर गई है और छत के प्लास्टर अपने गिर रहे है जिस कारण विद्यालय में पिछले एक वर्ष से कक्षा का संचालन बंद है। प्राथमिक शाला मनवारपारा स्कूल भवन काफी जर्जर हो गई है और कारण 10 वर्षों से माध्यमिक शाला मनवारपारा के अतिरिक्त कक्ष में संचालित है।

### इस वर्ष भी बच्चों को पढ़ाई करने में होगी परेशानी

जर्जर स्कूल भवन का मरम्मत इस वर्ष भी नहीं होने के कारण स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कई अव्यवस्थाओं व परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कई विद्यालय का संचालन कक्षा 1 से 5वीं तक का अतिरिक्त कक्ष के एक कक्ष में किया जा रहा है। तथा इस वर्ष भी बच्चों को कक्षा 1 से 5वीं तक के एक साथ बैठने व पढ़ाई करने में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### अध्यापन कार्य हो रहा है बाधित

स्कूल भवन के अभाव में दूसरे स्कूल के अतिरिक्त कक्ष के एक कमरा में स्कूल का कार्यालय एवं कक्षा का संचालन किया जा रहा है। सभी कक्षा के बच्चों को शिक्षकों को भी पढाने में दिक्कत होती है तथा बच्चों को भी पढ़ने में परेशानी होता है। एक कमरे में कई कक्षा के बच्चों का पढ़ाना बड़ा मुश्किल होता है तथा छोटे बच्चों के शोर गुल करने से दूसरे कक्षा के बच्चों को पढ़ाने में दिक्कत होती है।

### कराया गया अवगत

जर्जर विद्यालय भवन की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारी को भेजी गई है। शिक्षकों को खास तौर पर हिदायत दिया गया है कि बच्चों का सुरक्षा सर्वोपरि है। अगर भवन संचालन करने की स्थिति नहीं है तो उस भवन में स्कूल का संचालन न किया जाए। स्कूल के आसपास व गांव के अन्य शासकीय भवन उपलब्ध है वहां संचालन करने कहा गया है।

-पंडित भारद्वाज
विकासखंड शिक्षा अधिकारी



# स्वास्थ्य केंद्रों में गर्भवती माताओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान, ओड़गी, प्रतापपुर, रामानुजनगर में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा का सफलतापूर्वक संचालन की जा रही है। इस तारतम्य में आज सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना के अंतर्गत सभी चिन्हिंकित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो में 100 हितग्राहियों का निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदान की गई। शासकीय संस्थानों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने तथा उच्च जोखिम गर्भवती एवं गर्भस्थ शिशु में जन्मजात विकृति की पहचान करने में कारगर साबित हो रही है ताकि संबंधित मरिजों को समय पर उपचार प्रदान की जा रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सोनोग्राफी की सुविधा होने से दूरस्थ अंचल में रहने वाले गर्भवती महिलाओं के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बडी राहत है। इससे मातृ-मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी, साथ ही समय एवं आर्थिक हानि होने से भी उनको बचाया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैयाथान में 28, ओड़गी में 22, प्रतापपुर में 32 एवं रामानुजनगर में 18 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया गया। दूरस्थ अंचलों में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

सीएमएचओ डॉ.आरएस सिंह ने बताया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी की सुविधा प्रत्येक माह के 9 एवं 24 तारीख को संबंधित स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित होकर गर्भवती माताएं सुविधा का लाभ ले सकते है।

# स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सोनी, राकेश महासचिव

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता व अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही राकेश सोनी प्रदेश महासचिव बनाए गए है। बता दें कि पिछले दिनों हरियारण के फरीदाबाद स्थित राजस्थान सेवा सदन में स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंदर वर्मा का दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्होंने अपना त्यागपत्र दिया। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय, प्रदेश व जिला स्तरीय कार्यकारणी का चुनाव पुनः कराया गया। बैठक में सर्वसम्मति से दिल्ली निवासी सुरेंद्र वर्मा को राष्ट्रीय अध्यक्ष व चंडीगढ़ के सतीश कुमार सोनी को राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया। इसी तरह अधिक्वता डॉ. डीके सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। अधिक्वता डॉ. सोनी को स्वर्णकार वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ में अहम भूमिका निभाने के चलते प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राकेश सोनी द्वारा भी स्वर्णकार हित में कार्य करने के कारण प्रदेश महासचिव बनाया गया है। डॉ.डीके सोनी प्रदेश अध्यक्ष एवं राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर उन्होंने राष्ट्रीय संगठन को धन्यवाद दिया है तथा प्रदेश में स्वर्णकार हित में कार्य करने को हमेशा अग्रसर रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण कला बोर्ड का गठन छत्तीसगढ़ राज्य में करने के साथ ही प्रदेश एवं संभाग स्तरीय स्वर्णकार भवन के निर्माण करने की भी प्रक्रिया करने का प्रयास किया जाएगा। डॉक्टर डीके सोनी को प्रदेश अध्यक्ष बनने तथा राकेश सोनी को प्रदेश महासचिव बनने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश महासचिव राकेश सोनी के द्वारा राष्ट्रीय महासचिव व अध्यक्ष की अनुशंसा से छत्तीसगढ़ प्रदेश में अन्य पदाधिकारी की भी नियुक्ति की गई है जिसमें प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश सोनी, प्रदेश संगठन महामंत्री राजू सोनी तथा संभागीय स्तर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शेखर सोनी संतोष सोनी, अखिलेश वर्मा, रितेश वर्मा, राजेश सोनी, कैलाश सोनी, प्रदेश सचिव अजय सोनी, नीलकमल सोनी, अंकित कुमार शाह, दीपक सोनी तथा महिला विंग में प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी, प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती सीमा सोनी, प्रदेश महासचिव प्रीति सोनी की नियुक्ति की गई है। जिला एवं ब्लॉक राष्ट्रीय नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा आगामी दिनों किया जाना शेष है।

- हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजस्थान सेवा सदन में आयोजित बैठक के दौरान सौंपा गया दायित्व




## नाम परिवर्तन सूचना

मैं हरदीप सिंह पिता श्री रसपाल सिंह, उम्र लगभग 28 वर्ष, निवासी- क्वा.नं. 172 शान्तिनगर आंगनबाड़ी के पास बिश्रामपुर थाना विश्रामपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरी माता का नाम-मेरे कक्षा 10वीं की एवं 12वीं की अंकसूची में गलत रूप से परमजीत सिंह लिखा गया है। जो कि एन.आई.ओ.एस. द्वारा जारी की गयी है। मेरी माता का सही नाम परमजीत कौर है। मेरी माता का गलत नाम परमजीत सिंह और सही नाम परमजीत कौर दोनों नाम एक ही महिला का है जो मेरी माता है। नाम की गलती को स्पष्ट करने और सुधार करने के लिए बना रहा हूं। उपरोक्त जानकारी मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
हरदीप सिंह
आ. श्री रसपाल सिंह
निवासी- क्वा.नं. 172 शान्तिनगर आंगनबाड़ी के पास बिश्रामपुर थाना विश्रामपुर जिला-सूरजपुर (छ.ग.)


## बालको ने विश्व योग दिवस पर किया विभिन्न योगाभ्यास शिविर का आयोजन







वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित किए। कंपनी के सामुदायिक विकास विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न योगाभ्यास शिविर में लगभग 700 लोगों ने हिस्सा लिया। योग में बालको के कर्मचारियों उनके परिवारजनों, व्यावसायिक साझेदारों तथा स्थानीय लोगों ने आयोजन में शिरकत की।

कंपनी ने योग का शिविर के माध्यम से कवर्धा, मैनपाट, और बालको के वेदांता स्किल स्कूल में योग शिविर का आयोजन कर युवाओं को योग के प्रति प्रोत्साहित किया। अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित नंद घर के नन्हें बच्चों में योग की समझ विकसित करने के उद्देश्य 21 नंद घर में योग्याभ्यास का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देन के लिए संचालित आरोग्य परियोजना तथा माहवारी स्वास्थ्य एवं प्रबंधन के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने वाली नयी किरण परियोजना के अंतर्गत आयोजित विभिन्न योग शिविर में किशोर युवक और युवतियों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया।

बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सभी को उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया ने भारत की प्राचीन विद्या योग को मान्यता दी है। योग साधना सिर्फ शरीर को स्वस्थ रखने का जरिया नहीं है बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिक उन्नति का जरिया भी है। योग विद्या ने विश्वभर में नई ऊंचाइयों को छूआ है। उन्होंने कहा कि बालको प्रबंधन द्वारा प्रति वर्ष विश्व योग दिवस के अवसर पर बालकोनगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से शिविर का आयोजन प्रशंसनीय है।

सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए योग विशेषज्ञ प्रीति मंडल ने कहा कि बालको में आयोजित 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह मेरे लिए बेहतरीन अनुभव रहा जिसका हिस्सा बनने पर मुझे गर्व है। उन्होंने कहा कि निरंतर योग करने से मन में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है जो हमारे तन और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। योग विशेषज्ञों ने सभी योग साधकों को सूर्य नमस्कार, मक्रासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, ताड़ासन, सेतु बंध, स्कंध चक्र, शवासन, प्राणायाम, ध्यान, संकल्प, शांति पथ आदि योगासन का अभ्यास कराया। सभी योग साधकों ने जीवनशैली में नियमित रूप से योग को अपनाने का निश्चय किया।

*Feature Impact*


न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर
जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रभादेवी पत्नी राजभान सिंह निवासी प्रतापपुर रोड कलेक्टर बंगला के पीछे अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 2121/12, 2122/5 रकबा 0.009, 0.011 हे. भूमि को अनावेदक सतीश कुमार मिश्रा पिता रामानुज मिश्रा निवासी बौरीपारा शिकारी रोड नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास अंकन राशि रूपये 35,80,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 12/07/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक:- 25/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा



TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
CREATING HEALTHY TOMORROW
MULTISPECIALITY HOSPITAL
24/7 Emergency Services
पता - बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 9424250281 | 8120906000 | 8120809000
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
दिनांक-29 जून 2024
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY
MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA
Consultant- Medical Oncology and Hematooncology
कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ
दिनांक - 30 जून 2024
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम, कार्डियोलॉजिस्ट
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. भाविक शाह
डी.एन.बी (मेडिसीन) डी.एन.बी (गैस्ट्रो)
एम आर सीपी - एस सी ई (गैस्ट्रो)
पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लेनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता)
पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफॉइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)



सरगुजा मार्केट

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक 30 जून 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन – शुक्रवार
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मुत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, नि:संतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 जुलाई, दिन - रविवार
नोट : डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विधा डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।



उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते हैं। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर, जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते हैं एवं ट्रस्ट की वेबसाईट WWW.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 10 जुलाई 2024
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर
मो. : 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर - मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल 9425547550



तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता – MD (Medicine) – मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा – MBBS, DNB (OBGY & Gynae - दिल्ली), FMAS - Jaypee Hospital - नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital - भोपाल, Ex. Spl. (Obs & Gyn) NHM रायपुर – स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम. डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS – हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) – दत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO – कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता – MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले – MS, ENT – नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH मुंबई – शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ – भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – MBBS, MS – हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉंच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### खैरबार को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** खैरबार ग्राम पंचायत को वन ग्राम से राजस्व ग्राम बनाने की मांग की गई है। इस संबंध में भाजपा नेता जितेंद्र सोनी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौपा है। 24 जून को सरगुजा प्रवास पर पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को ज्ञापन सौपते हुए भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री जितेंद्र सोनी ने बताया कि खैरबार ग्राम पंचायत पहले वनग्राम था। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इसे राजस्व ग्राम बनाने की 2015 में घोषणा की थी लेकिन इसी बीच सत्ता परिवर्तन हो गया। सत्ता परिवर्तन के साथ आज 9 वर्ष बाद प्रशासनिक प्रक्रिया में आज भी राजस्व ग्राम अस्तित्व में नहीं आया है। जिसके कारण ग्राम वासियों को कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसी व्यक्ति द्वारा अपनी जमीन को बेचा नहीं जा सकता, घर बनाने व अन्य कार्य हेतु कर्ज नहीं ले सकता, जाती, निवास प्रमाण पत्र तक बनाने में दिक्कत आती है। नक्शा काट पाना संभव नहीं है, ऑनलाइन नक्शा उपलब्ध नहीं है, ग्राम पंचायत का प्रथम प्रकाशन हो गया है जिसमें 144 आपत्तियां हैं। उन्होंने ने सीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनी है और खैरबार के निवासियों को भरोसा है कि प्रशासनिक प्रक्रिया जल्द पूर्ण कर ग्राम पंचायत खैरबार को जल्द से जल्द राजस्व ग्राम का दर्जा मिल जायेगा। सीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द प्रक्रिया को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया है।

### प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए सरगुजा के 39 स्काउट्स एवं गाइड्स



**अंबिकापुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा 19 से 23 जून तक पर्वतारोहि व्यक्तित्व विकास एवं ट्रैकिंग शिविर का आयोजन राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में किया गया। पांच दिवसीय शिविर में सरगुजा जिला संघ भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 39 सदस्य शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संगठन आयुक्त योगेश विश्वकर्मा ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग से अनुदान प्राप्त ई एवं टी सवर्ग के शासकीय विद्यालयो में अध्ययनरत सीनियर स्काउट्स, गाइड्स एवं रोवर्स, रेंजर्स के लिए शिविर आयोजित किया गया था जिसमें सरगुजा जिले में संचालित विद्यालयो से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ सरगुजा के ब्लॉक अम्बिकापुर से 19 सीनियर स्काउट्स-गाइड्स, ब्लॉक सीतापुर से 3 सीनियर स्काउट्स, ब्लॉक उदयपुर से 2 स्काउट्स, ब्लॉक लुंड्रा से 4 गाइड्स एवं पूरे जिले से 7 सीनियर रोवर्स-रेंजर्स सहित 4 प्रभारी स्काउटर-गाइडर हुये शामिल। जिले से गाइड प्रभारी के रूप में सीनियर गाइडर अरुणा टोप्पो, शिखा पाण्डेय, स्काउट प्रभारी के रूप में एल्युश लकड़ा, अनिल बरवा के नेतृत्व में स्काउट्स-गाइड्स शामिल हुए। शिविर में शामिल सभी प्रतिभागियों को सरगुजा जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन स्काउट कमिश्नर अशोक कुमार सिन्हा, जिला सचिव महेंद्र सिंह, जिला प्रशिक्षक मनीष गुप्ता के साथ जिले के स्काउट्स पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को दी शुभकामनाएं।

### गौ मांस के साथ ग्रामीण गिरफ्तार दो अन्य आरोपी हुए फरार



**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस ने मंगलवार को एक अधेड़ उम्र के ग्रामीण को गौ मांस के साथ गिरफ्तार किया है ,मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं।पुलिस ने बताया कि हिंदू संगठनों से जुड़े युवकों ने दतिमा में एक ग्रामीण के घर स्थित गौ मांस बनने की सूचना पुलिस को दी थी, सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस संबंधित ग्रामीण के घर पहुंची तो उक्त घर में मांस पकाने की तैयारी चल रही थी।पुलिस ने आरोपी ग्रामीण लक्ष्मी प्रसाद सारथी पिता चंदन सारथी 50 वर्ष निवासी ग्राम दतिमा को हिरासत में लेकर पूछताछ की ,इस दौरान उसने बताया कि झूमरपारा निवासी दूध प्रसाद घसिया ने उसे उक्त गौ मांस लाकर दिया था, पूछताछ में ग्रामीण ने अपने एक अन्य सहयोगी दतिमा निवासी हीरालाल घसिया का भी नाम घटना में शामिल होना बताया है जो कि दोनों फरार बताए गए हैं।फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद स्पष्ट होगा की उक्त गौ मांस कैसे और कहां से लाए थे। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 153 ए, 295 ए के तहत अपराध दर्ज कर पकड़ में आए आरोपी लक्ष्मी प्रसाद सारथी आ. चंदन सारथी को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम मेवाडांड़ निवासी सुरेश सिंह आ. स्व. मतवार सिंह (50 वर्ष) 13 जून अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। कुछ दिन उपचार कराने के बाद परिजन स्वास्थ्य में सुधार होने पर घर लेकर चले गए। इसी बीच रविवार को पुनःतबीयत बिगड़ने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## ग्राम पंचायत भुषु का मामला, ग्रामीणों ने तैयार किया पंचानामा

# सरपंच ने बेच दिए गौठान में लगे शेड, सबमर्सिबल पंप व सामान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

**खास बात**

■ एक माह बाद भी नहीं किया पुन: निर्माण

सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस सरकार में बनाए गए गौठानों की हालत बदतर हो चुकी है। देखरेख के अभाव में गौठान जर्जर हो गए है लेकिन इन सब के बीच एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। गांव के सरपंच ने गौठान में लगे सामानों को बेच दिया। सरपंच ने गौठान में लगे शेड, पाइप, पंप व अन्य सामानों को औने पौने दामों में बेच दिया। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब लोग गौठान का सामान खोलकर लेकर जाने लगे। ऐसे में ग्रामीणों ने सरपंच को घेर लिया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है और उन्होंने इस मामले में दोषी सरपंच व सचिव पर मिलीभगत का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद पूरा गौठान वीरान और उजाड़ पड़ा हुआ है। यह पूरा मामला विकासखंड के ग्राम पंचायत भुषु का बताया जा रहा है। बता दें कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा अपनी महत्वाकांक्षी योजना नरवा गरुवा, घुरुवा और बाड़ी के तहत गांव गांव में गौठानों का निर्माण किया गया था। लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान का उद्देश्य पशुधन संरक्षण व संवर्धन को बढ़ावा देना था इसके साथ ही पशुपालकों से गोबर खरीदी कर जैविक खाद बनाने का काम किया जा रहा था। गौठानों के माध्यम स्वयं सहायता समूहों के जीविकोपार्जन हेतु अनेकों कुटीर उद्योग भी लगाए गए लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए गौठान वीरान पड़े है। देखरेख के आभाव में बेकार पड़े गौठान का फायदा गांव के सरपंच ने उठाया। आरोप है कि सरपंच ने गौठानों में रखे सामानों को बेचना शुरू कर दिया था और धीरे धीरे कर वही गौठान के सभी सामान बेच रहा था। इस दौरान गौठान में लगे सीमेंट के शेड, लोहे का पाइप, सबमर्सिबल पंप को उसने किसी को बेच दिया। जब उक्त व्यक्ति सरपंच की मौजूदगी में सामान निकालकर लेजा रहा था तो ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया।



उजाड़ गोठा, इनसेट में सरपंच से जब्त सामग्री।

**एक महीने में सामान लौटाने का दिया था आश्वासन**

गौठान का सामान बेचने का विरोध करते हुए इसे गैरकानूनी बताया। ग्रामीणों का आक्रोश देखते हुए सरपंच ने उन्हें एक माह में सामान वापसी व गौठान को पुनः ठीक करने का आश्वासन दिया। ऐसे में ग्रामीणों की मौजूदगी में 14 मई को पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा में 40 नग शीट,14 नग पाइप को सरपंच द्वारा अपने घर लेजाने की बात स्वीकार की गई और एक माह में पुनः गौठान निर्माण का वादा किया गया। अब ग्रामीणों का कहना है कि सरपंच द्वारा दिए गए समय अवधि में ना ही गौठान का निर्माण किया गया और ना ही सामान लौटाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले में सचिव ने भी चुप्पी साध ली है। ऐसे में ग्रामीण सचिव की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे है।

**किसानों के लाखों रुपए फंसे**

गौठान में जैविक खाद बनाने के लिए गांव के किसानों से गोबर की खरीदी की गई थी। गांव के कई किसानों ने इस उम्मीद के साथ गोठान में अपना गोबर बेचा था कि इसके बदले उन्हें अच्छी खासी कमाई हो जाएगी लेकिन किसानों की उम्मीद पर पानी फिर गया। सरपंच सचिव की लापरवाही के कारण गांव के पंकज यादव, उमेश यादव, दिनेश यादव, हरि यादव समेत अन्य किसान के पैसे डूब गए। किसानों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरपंच सचिव से अपने गोबर के पैसों की मांग की लेकिन सरपंच और सचिव ने उनकी बात नहीं सुनी और राशि का भुगतान नहीं किया। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच को नशे की लत है और अक्सर वह शराब के नशे में रहता है और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए ही उसने गौठान के सामान को बेच दिया। इसके साथ ही उन्होंने गोबर की राशि को भी गबन करने का आरोप लगाया है।

**की जाएगी जांच**

इस मामले की जांच कराई जाएगी। जांच के बाद जो भी दोषी पाए जाते हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

-एस के मरकाम
सीईओ जनपद पंचायत



## चोरी के तीन अलग-अलग मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चोरी की तीन अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने चोरों के पास से चोरी की गई एसी कॉपर, सौर ऊर्जा कॉपर तार व बाइक बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

मानपुर निवासी रमाकांत यादव ने 24-25 अप्रैल की रात कुटुम्ब न्यायालय भवन से 3 एसी का कॉपर पाईप अज्ञात द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं दूसरे मामले में 21 जून को भैयाथान रोड निवासी राकेश महराज ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया 20 जून को कुटुम्ब न्यायालय भवन के ऊपर छत में लगे सौर ऊर्जा का कॉपर तार को अज्ञात लोगों चोरी कर ले गया है। तीसरे मामले में 23 जून को ग्राम साल्ही रामानुजनगर निवासी निलेश कुमार ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 18 फरवरी दोस्त की शादी में शामिल होने के दौरान उसके बाइक को चोरों ने ग्राम देवीपुर से पार कर दिया है। पुलिस ने तीनों मामलों में अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि जेल पारा का मुजफ्फर खान व मस्जिदपारा का सोहेल खान दोनों एसी कॉपर पाइप व सौर ऊर्जा का कॉपर तार बेचने के फिराक में है। पुलिस ने दोनों को पकड़ पूछताछ किया तो दोनों ने कुटुम्ब न्यायालय से एसी कॉपर पाइप तथा सौर ऊर्जा का कॉपर तार चोरी करने की बात बकूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर एसी कॉपर पाईप, सौर ऊर्जा का कॉपर तार, घटना में प्रयुक्त लोहे का रॉड, कटर एवं बाइक जब्त किया। आरोपी जेलपारा निवासी मुजफ्फर खान आ. अब्दुल हुसैन (27 वर्ष) व मस्जिद गली निवासी सोहेल खान उर्फ शानू आ. शाहजहां खान (22 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। वहीं तीसरे मामले की विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक बेचने की फिराक में बस स्टैण्ड में घुम रहे कौशल कुमार टान्डिया को पकड़ा। आरोपी ने बताया कि फरवरी में ग्राम गोरता लखनपुर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गया था रात में पैदल शादी से मानी जोबगा केतका होते हुए वापस आ रहा था तभी ग्राम देवीपुर में शादी वाले घर के बाहर बाइक को चोरी कर ले गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई बाइक बरामद कर लिया।

## तीन महीने बाद लौटी कन्हर नदी की धार, भीषण जल संकट से जूझ रहे लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

■ नदी के बीच रेत में डबरी बनाकर नपं करा रहा था पानी की आपूर्ति

तीन महीने पूर्व क्षेत्र की जीवनदायिनी कन्हर नदी के सूखने से भीषण जल संकट का सामना कर रहे नगरवासियों को नदी की धार शुरू होने के कारण भारी राहत मिली है। मानसून की पहली वर्षा के बाद कन्हर नदी की धार बीती रात शुरू हुई तथा एनीकट में नदी का पानी पहुंच गया है। कन्हर नदी में पानी आने से जल स्तर में सुधार होगा वहीं नगर पंचायत की जलप्रदाय व्यवस्था अब बाधित नहीं होगी।

अप्रैल माह के पहले सप्ताह में ही कन्हर नदी पूर्णतः सूख गई थी जिसके बाद से नगर में लगातार जल संकट गहराते जा रहा था। स्थिति यह हो गई थी कि मई के दूसरे पखवाड़े एवं जून के प्रथम पाखवाड़े में पानी के लिए नगर में हाहाकार मच गया। जैसे-तैसे नगर पंचायत द्वारा नदी में डबरी खोदकर जल आपूर्ति की गई। पानी की कमी होने के कारण पहले पखवाड़े से ही एक दिन लोगों के लिए भारी पड़ रहा था। प्रतिदिन नगर के कुएं एवं हैंडपंप सूखते जा रहे थे। कई हैंडपंप, कुंए ऐसे थे जो अब तक नहीं सूखे थे वह भी सूख गए। नगर पंचायत द्वारा सुबह से लेकर देर शाम तक टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही थी। इस बीच बीबी मध्य रात्रि एनीकट तक पानी पहुंचने से लोगों ने राहत की सांस ली। कन्हर नदी गंगा के समान उत्तरवाहिनी है। कन्हर नदी के प्रति क्षेत्रवासियों की गहरी आस्था जुड़ी है। नदी में 84 दिन बाद जब पानी पहुंचा तो मंगलवार को सुबह से ही पूजा अर्चना करने के लिए लोगों की भारी भीड़ कन्हर नदी पर उमड़ी।



खुड़िया के पठार से निकलती कन्हर जिले की सबसे बड़ी नदियों में से एक कन्हर नदी तीन राज्य के लोगों की जरूरतें पूरी करती है। यह जशपुर के खुड़िया पठार से निकलकर सोनभद्र जिले में सोन नदी में मिलती है। सोन का पानी आगे चलकर गंगा नदी में मिलता है। कन्हर नदी के सूखने से छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के सरहदी क्षेत्र का जलस्तर काफी नीचे चला गया था। कन्हर में पानी आने से रामानुजगंज सहित सरहद पर बसे छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के लोगों ने राहत की सांस ली है।

## एसईसीएल खदान से पाइप चुराकर बेचने ले जा रहे आरोपी कबाड़ी मौक़े से फ़रार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ एसईसीएल की संयुक्त सुरक्षा दल ने दबिश देकर चुराया हुआ सामान किया जब्त

■ इतवारी बाज़ार स्थित कबाड़ी दुकान में बेचने ले जा रहे थे आरोपी युवक

सोमवार की देर शाम बिश्रामपुर प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे रास्ते से शिवनंदनपुर के कबाड़ चोर युवक एसईसीएल खदान क्षेत्र में लगे लोहे की पाइप को चोरी कर कबाड़ी के पास विक्रय के लिए इतवारी बाजार स्थित कबाड़ दुकान ठेले में रख कर पहुँचा रहे थे,इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एसईसीएल कम्पनी सुरक्षा कर्मी व त्रिपुरा बटालियन की संयुक्त टीम के मौक़े पर पहुँचने पर आरोपी कबाड़ चोर युवक ठेला छोड़कर भाग निकले ।गश्ती टीम ने ठेले में लोड आधा दर्जन से अधिक की संख्या में लोहे के पाइप को जप्त कर अपने कब्जे में ले लिया है।बता दें कि वर्तमान में खदान क्षेत्रो में कबाड़ चोरों ने लगातार आतंक मचाया हुआ है।तथाकथित पुलिस विभाग से मिली हरी झंडी के कारण नगर में कबाड़ी बकायदा अपने घर मे टीना - टप्पर व प्लास्टिक ,कार्टून गत्ता खरीदने की आड़ में खदानों के भीतर घुसते हैं और यहाँ से चोरी कर लाए लोहे व ताम्बा के सामान व मशीनी उपकरणों की खुलेआम खरीदी बिक्री होती है इतवारी बाज़ार में होती है।दिन रात लोहे ताम्बा के कबाड़ उपकरणों की खरीदी होने पर सुबह तड़के सरगुज़ा के अम्बिकापुर अथवा सूरजपुर शहर में पिकअप वाहन में लोड कर कबाड़ व मशीनी उपकरणों को बड़े स्तर के कबाड़ियों को खपाया जा रहा है।पुलिस खुलेआम संचालित हो रहे कबाड़ दुकानों पर कभी भी जांच के लिए नही पहुंचती, इससे उसके कबाड़ियों से कथित रूप से मिलीभगत के आरोप स्थानीय ग्रामीण लगा रहे हैं,सुरक्षा कर्मियों व त्रिपुरा राइफल की गश्ती दल द्वारा पकडे गए पाइप की कीमत पछत्तर हजार से एक लाख रुपए के बीच बताई गई है।



## प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने की लगी होड़ लग गई है। आज प्रशासनिक टीम ने शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर कब्जा मुक्त कराया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत क्षेत्र में शासकीय राजस्व भूमि पर अवैध रूप से बन रहे मकान पर कार्रवाई करते हुए रामजीत यादव के घर को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। बताया जा रहा है कि आसपास बने कई मकान जो शासकीय भूमि पर बने है उसे नहीं हटाया गया है। सिर्फ एक मकान को गिराने पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों ने बताया कि व्यक्तिगत तरीके से एक मकान पर कार्रवाई कर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। जबकि शासकीय भूमि पर कई लोग अतिक्रमण किए हुए हैं।लंबे अरसे के बाद में इस तरह की कार्रवाई होने से हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में तहसीलदार पुष्पराज पात्र ने बताया कि शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले लोगों पर नोटिस जारी की गई है। लगातार कार्रवाई होगी।



**शासकीय भूमि से हटेंगे अतिक्रमण**

जहां-जहां शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हुआ है सभी अतिक्रमण को ध्वस्त किया जाएगा। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अतिक्रमण कर बनाए घर को तोड़ा जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

### मारपीट से घायल ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** ग्राम जजगा निवासी इंदर कुजूर (40 वर्ष) कुछ माह से पत्नी सुनीता कुजूर के साथ मठपारा में अपने ससुराल में रह रहा था। पति-पत्नी शराब पीने के आदि थे और अक्सर नशे की हालत में विवाद करते थे। बीती रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया मारपीट होने लगी। इसी बीच मारपीट से इंदर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र लेकर पहुंचे जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है।

## अधिवक्ता संजय अंबष्ट का केक काटकर मनाया गया जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वरिष्ठ अधिक्वता संजय अम्बष्ट का जन्मदिन मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान शुभचिंतकों उनसे मुलाकात कर शुभकामनाएं दी और केक काटकर खुशी जाहिर की। सभी ने उनके दीर्घायु होने की मंगलमय की कामना किया। उनके निवास पर लोगों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।



कार्यक्रम में नगर निगम अंबिकापुर के पूर्व पार्षद संजीव मंदिलवार, प्रवीण अग्रवाल, अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी, आरिफ फिरदौसी, समाजसेवी शिवलाल जायसवाल, हिमांशु कश्यप, दिप सिन्हा ,सोमनाथ साहू एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए।










